दिन– गुरुवार दिनांक– 08 / 05 / 2025

प्रसार भारती
(भारत का लोक सेवा प्रसारक)
प्रादेशिक समाचार एकांश
आकाशवाणी, पटना

प्रसारणः– अपराह्न 02:00 बजे से। अवधि – 05 मिनट

---

ऑपरेशन सिंदूर के मद्देनजर आज रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह की अध्यक्षता में सर्वदलीय बैठक का आयोजन किया गया। बैठक के दौरान, सरकार की ओर से विभिन्न राजनीतिक दलों के नेताओं को आतंकवादियों के खिलाफ की गई सैन्य कार्रवाई की जानकारी दी गई। गृह मंत्री अमित शाह, विदेश मंत्री डॉ. एस. जयशंकर, राज्यसभा में सदन के नेता और भाजपा अध्यक्ष जे.पी. नड्डा, राज्यसभा में विपक्ष के नेता और कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खरगे, लोकसभा में विपक्ष के नेता राहुल गांधी, लोक जनशक्ति पार्टी, रामविलास के नेता और केंद्रीय मंत्री चिराग पासवान और जनता दल यूनाइटेड नेता संजय झा समेत कई नेता बैठक में शामिल थे। पार्टी लाइन से हटकर नेताओं ने ऑपरेशन सिंदूर की सराहना की और आतंकवादियों के खिलाफ सशस्त्र बलों की कार्रवाई पर गर्व व्यक्त किया।

———————————————————

राष्ट्रीय सुरक्षा सलाहकार अजीत डोभाल ने आज नई दिल्ली में प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी से उनके आवास पर भेंट की। यह मुलाकात पाकिस्तान और पाकिस्तान के अवैध कब्जे वाले जम्मू–कश्मीर में आतंकवादी ठिकानों पर भारत की कार्रवाई के एक दिन बाद हुई है। इससे पहले, श्री डोभाल ने पहलगाम में आतंकी हमले के खिलाफ आतंकवादी ढांचे पर गई कार्रवाई के बारे में कई देशों के सुरक्षा सलाहकारों से भी बातचीत की थी। उन्होंने कहा था कि भारत का स्थिति को और बिगाड़ने का कोई इरादा नहीं है, लेकिन यदि पाकिस्तान उकसावे वाली कोई कार्रवाई करता है तो भारत उसे जवाब देने के लिए पूरी तरह से तैयार है।

———————————————————

ऑपरेशन सिंदूर के बाद बिहार में हाई अलर्ट जारी किया गया है। पुलिस मुख्यालय ने सभी पुलिस अधीक्षक और रेल एसपी को विशेष चौकसी बरतने के निर्देश दिये हैं। नेपाल के सीमावर्ती क्षेत्रों में विशेष एहतियात बरतने और सघन चेकिंग अभियान चलाने को कहा गया है। इसके अलावा सभी प्रमुख रेलवे स्टेशन, हवाई अड्डे

और सार्वजनिक तथा संवेदनशील स्थलों की सुरक्षा बढ़ा दी गई है। साथ ही अफवाहों को लेकर सतर्कता बरतने और सोशल मीडिया पर भी निगरानी बढ़ाने के निर्देश दिये हैं।

———————————————————————

केन्द्र सरकार ने कहा है कि पाकिस्तान–आधारित सोशल मीडिया हैंडल पुराने और भ्रामक वीडियो के माध्यम से अफवाह फैला रहे हैं। इस वीडियो में अमृतसर में एक सैन्य बेस पर हमले का आरोप लगाया जा रहा है। पत्र सूचना कार्यालय की फैक्ट चेक इकाई के अनुसार, जो वीडियो साझा किया जा रहा है, वह वर्ष दो हजार चौबीस की जंगल की आग का है। पीआईबी ने नागरिकों से अपील की है कि वे बिना सत्यापित जानकारी के इसे साझा करने से बचें। पीआईबी ने कहा कि सटीक जानकारी के लिए केवल सरकार के आधिकारिक स्रोतों पर ही भरोसा करें।

———————————————————————

खेलो इंडिया यूथ गेम्स में महाराष्ट्र सत्रह स्वर्ण समेत सैंतालीस पदकों के साथ पदक तालिका में पहले स्थान पर है। वहीं, मध्य प्रदेश की टीम राजस्थान के साथ संयुक्त रूप से दूसरे स्थान पर है। हमारे संवाददाता ने बताया कि सेपक टाकरा के बालक और बालिका दोनों वर्ग की क्वाड श्रेणी में बिहार की टीम फाइनल में पहुंच गई है। इससे राज्य के लिए स्वर्ण पदक की संभावनाएं बढ़ गयी है। अभी बिहार चार रतज और पांच कांस्य पदक के साथ पदक तालिका में उन्नीसवें स्थान पर है।

———————————————————————

मौसम विभाग ने राज्य के अधिकतर हिस्सों में तापमान में बढ़ोतरी की संभावना जताई है। विभाग ने कहा है कि अगले तीन दिनों के दौरान राज्य के अधिकतम तापमान में पांच से आठ डिग्री सेल्सियस तक की क्रमिक बढ़ोतरी हो सकती है। इधर, विभाग ने राज्य के दक्षिण–पश्चिम और दक्षिण–मध्य भागों में कुछ स्थानों पर मेघगर्जन के साथ वज्रपात की चेतावनी जारी की है। इस दौरान तीस से चालीस किलोमीटर प्रतिघंटे की रफ्तार से तेज हवा चलने का पूर्वानुमान है।

———————————————————————

इसके साथ ही आकाशवाणी, पटना से प्रसारित प्रादेशिक समाचार का ये अंक समाप्त हुआ।